# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** आज दिनाँक 01.06.2024 को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, पारदर्शी, निष्पक्ष संपन्न कराने को लेकर मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने 236- चित्रकूट विधानसभा एवं 237- मानिकपुर विधानसभा के मतगणना स्थल पर मतगणना हेतु मतगणना काउंटर, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरा का संचालन, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कूलर, पंखे आब्जर्वर रूम, मीडिया सेंटर, प्रकाश व्यवस्था आदि की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली, जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि मतगणना स्थल पर जो भी कार्य अभी अवशेष है उनको तत्काल पूर्ण कराया जाए उन्होंने कहा कि 4 जून 2024 को मतगणना के दिन मतगणना स्थल पर किसी भी कर्मचारी, एजेंट एवं अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य किसी भी व्यक्ति का मोबाइल फोन प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा मतगणना स्थल के अंदर मोबाइल फोन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा, उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि मतगणना स्थल के लिए जो विद्युत वायर की गई है उसको चेक कर ले ताकि मतगणना के दिन किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो तथा विद्युत आपूर्ति भी लगातार बनी रहे यह भी आप लोग सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी श्री सौरभ यादव, अपर उप जिलाधिकारी श्री सतीश चन्द्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड श्री सत्येंद्र नाथ, विद्युत श्री दीपक सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी श्री लाल जी यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 01.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदय श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(3).** आज दिनाँक 01.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में लोकसभा चुनाव -2024 के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजेश कुमार राय तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 89/2024 धारा 306 भादवि0 के वांछित अभियुक्त 1.कलुआ उर्फ कल्लू पुत्र मेवालाल 2. कुटकू 3. भस्मा पुत्रगण मेवालाल निवासीगण लमियारी थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया ।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री राजेश कुमार राय थाना सरधुवा
2.आरक्षी राजकुमार
3.आरक्षी अतुल मिश्रा

**(5).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे #OperationConviction के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी वेदांत पाण्डेय तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी श्री विनोद कुमार शुक्ला तथा उनकी टीम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक शासकीय अधिवक्ता श्री अजय कुमार सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम चित्रकूट श्री अनुराग कुरील द्वारा पुलिस मुख्यालय से पैरवी हेतु चिन्हित एवं थाना कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 331/2021 धारा 379,441,413 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त शारदा प्रसाद उर्फ कल्लू पुत्र विनोद उपाध्याय निवासी बूढ़ा सेमरवार थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 02 कारावास व 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनाँक 04.09.2021 को थाना कोतवाली कर्वी में श्री अविनाश कुमार पुत्र रामभरोषा निवासी कछार का पुरवा कोलगदहिया थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा सूचना दी गयी थी कि उनका मोबाइल फोन किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 331/21 धारा 379 भादवि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। मुकदमें की विवेचना तत्कालीन उपनिरीक्षक श्री चन्द्रमणि पाण्डेय द्वारा की गयी तथा दिनाँक 08.09.2021 को विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्त शारदा प्रसाद उर्फ कल्लू उपरोक्त को चोरी के 09 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया था, अभियुक्त के कब्जे से चोरी के मोबाइल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411,413 भादवि0 की बढ़ोत्तरी की गयी । विवेचक द्वारा दिनाँक 04.12.2021 को आरोपी के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप-पत्र प्रेषित किया गया था ।

**(6).** आज दिनांक 01.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में बाल श्रम उन्मूलन के संबंध में चलाये जा रहे हैं अभियान के क्रम में श्री राजेश द्विवेदी लेबर इंस्पेक्टर श्री राकेश माथुर अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, श्री सौरभ सिंह बाल संरक्षण अधिकारी, श्री राजेश दुबे बाल कल्याण समिति, श्री हिमांशी चतुर्वेदी ,श्री विवेक शुक्ला थाना अध्यक्ष जीआरपी श्री संजीव कुमार , प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू श्री दुर्ग विजय सिंह, उ0नि0 श्री सदानंद सिंह मय टीम के निर्देश के क्रम में रेलवे स्टेशन व आसपास के होटल /दुकानों पर काम कर रहे छोटे बच्चों के संबंध में जानकारी की गई । इस दौरान पुरुषोत्तम दास गुप्ता किराना दुकान रेलवे स्टेशन रोड के यहां शुभम पुत्र कमलेश उम्र 16 वर्ष निवासी मिशन अस्पताल एलआईसी के पास चित्रकूट काम करता हुआ पाया गया इसके संबंध में लेबर इंस्पेक्टर द्वारा कार्यवाही की गई, तथा अन्य कहीं पर कोई बच्चा कार्य करता नहीं पाया गया । इस संबंध में रेलवे स्टेशन तथा आस पास के लोगों को जागरुक भी किया गया।